




# जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों के 9 घायल

नवभारत न्यूज

**मैहर 2 अगस्त, जिले में धान का रोपा लगने के दौरान दो गुटों में जमीनी हिस्सा बाट को लेकर विवाद हुए विवाद में दोनों गुटों में खूनी संघर्ष हो गया । इस घटना में नौ लोग घायल हो गए जिसके बाद दोनों गुट के लोग अमरपाटन थाना पहुंचे वही गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को अमरपाटन सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**





मामला शनिवार की सुबह अमरपाटन के ग्राम लालपुर मे केवट परिवार और सिंगरहा परिवार के लोगों अपनी अपनी जमीन में धान का रोपा लगा रहे थे तभी किसी बात को लेकर दोनों ने विवाद हो गया जिसके बाद पक्षो के लोग हथियार बंदूक कट्टा, लाठी, राड एवं गुप्ती का इस्तेमाल कर एक दूसरे पर जान लेवा हमला किया गया। दोनो पक्षों के महिला और पुरुष सहित कई लोग घायल हो गए जिन्हें अमरपाटन सिविल अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया वही कई लोगों की गंभी हालत को देखते हुए सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वही दोनों पक्ष के लोग अमरपाटन थाना पहुंचे पुलिस मामले की जॉच जुटी।

झगड़े के दौरान प्रयोग किये गये अवैध 2 कट्टे को महिलाओं ने दूसरे पक्ष से छुडाकर पुलिस को सौपा। दोनों पक्षों के कई घायलों को सतना रेफर किया गया है। अशोक केवट उम्र 42 साल, ओम प्रकाश केवट उम्र 30 साल, अजीत केवट 24 साल, किसन केवट 23 साल, माया केवट उम्र 40 साल, माइकी केवट 45 साल, गोल्ली केवट 40 साल, रिया केवट 19 साल, देवकी केवट 18 साल घायल हुए है।

दूसरे पक्ष के नीरज सिंगरहा 45 वर्ष, अमर सिंगरहा 38वर्ष, माधो सिंगरहा 30 वर्ष, कृष्ण कुमार 35 वर्ष, लाला किशन केवट 20 वर्ष, सूरजवती केवट 50वर्ष शीला केवट 29 साल कलावती केवट 29 साल जिसमें से नीरज सिंगरहा, माधो सिंगरहा, कृष्ण कुमार, सूरजवती,शीला की गंभीर हालत को देखते हुए सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



# गर्भवती महिलाओं,बच्चों व बीमार व्यक्तियों की जांच कर हुआ उपचार

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 2 अगस्त, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगवां द्वारा आदिवासी बाहुल्य गावों में जल जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर बीमारियों की पहचान कर स्वास्थ्य उपचार कर दवा वितरण का कार्य किया जा रहा है।**

इस कार्य में मैदानी स्तर पर मौजूद स्वास्थ्य अमला अहम भूमिका निभा रहा है। जहां आज उपस्वास्थ्य केंद्र झरी के अंतर्गत आने वाले पुतरिहा गांव में आशा कार्यकर्ता वन्दना तिवारी एवं आशा सहयोगिनी रीना शर्मा द्वारा घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीका लगवाने सहित बीमार व्यक्तियों को दवा लेने के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र मे भेजा गया तो वहीं एएनएम शकुंतला सिंह एवं एमपीडब्ल्यू भइयामन सिंह द्वारा टीकाकरण किया गया।

सुपरवाइजर अजीत सिंह के द्वारा सर्दी, जुकाम, बुखार, फोड़ा, फुंशी सहित त्वचा रोग संक्रमण से प्रभावित 21 व्यक्तियों को दवा देकर स्वास्थ्य उपचार किया गया जिसमे 9 बच्चे शामिल हैं। इस कार्य में एमपीडब्ल्यू ने भी दवा वितरण करवाने में मदद किया। इस अवसर पर बाल अधिकारों के मुद्दे पर पूरे भारत में कार्य कर रही क्राई (चाइल्ड राइट्स एंड यू) नई दिल्ली के फैलो आनंद ने स्वच्छता, पोषण एवं बच्चों की सुरक्षा जैसे विभिन्न पहलुओं पर समुदाय को जानकारी दी।

जिसमें जल जनित मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए नीम की पत्तियों को उबाल कर कम से कम हफ्ते मे दो बार स्वयं सहित बच्चों को नहलाने, खाना ढक कर रखने, स्वच्छ पानी पीने, बच्चों को बरसाती पानी में खेलने से मना करने आदि की जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य उपचार शिविर में सुपरवाइजर अजीत सिंह, ए एन एम शकुन्तला सिंह, एम पी डब्ल्यू भइयामन सिंह, आशा सहयोगिनी रीना शर्मा, आशा कार्यकर्ता बंदना तिवारी, अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के सामाजिक कार्यकर्ता शिवकुमार पटेल एवं क्राई फैलो आनंद मझगवां का सहयोग रहा।


# आटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी,2 दर्शनार्थी घायल

## 2 महिलाओं और बच्चों को मामूली चोंटे आईं, लखनऊ से आए थे दर्शन करने

नवभारत न्यूज

**मैहर 2 अगस्त,मां शारदा के दर्शन करने लखनऊ से आए दर्शनार्थियों की ऑटो रिक्शा को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वही दो महिलाओं सहित बच्चों को मामूली चोट आई जिन्हें इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल लाया गया।**






लखनऊ से सोनू चौरसिया उम्र 40 वर्ष एवं भारत लाल चौरसिया 41 वर्ष अपने परिवार दो महिलाओं सहित तीन छोटे छोटे बच्चों के साथ मैहर माता के दर्शन करने आए थे शनिवार की सुबह दर्शन करने के बाद मैहर एन एच 30 के किनारे केजेएस सीमेंट फैक्ट्री के अंदर इच्छापूर्ति मंदिर दर्शन करने जा रहे थे, तभी रास्ते में केजेएस मंदिर के मोड के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । इस घटना में ऑटो में बैठे सभी लोग घायल हो गए जिसके बाद अरुणेंद्र सिंह एवं स्थानीय लोग की मदद से घायलों को ऑटो से बाहर निकल कर एंबुलेंस के सहायता से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया।

# महिला सफाई कर्मियों को आज मिलेगा रक्षाबंधन का तोहफा

## मैहर नगर पालिका सफाई महिला कर्मियों को देंगे 2500 रुपए उपहार

नवभारत न्यूज

**मैहर 2 अगस्त, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर आज मैहर नगर पालिका परिषद में सेवा कार्य सफाई का काम करने वाली बहनों को रक्षाबंधन के तोहफा स्वरूप 2500 प्रत्येक बहनों को उपहार स्वरूप 3 अगस्त को देंगे इस संबंध में जानकारी देते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बताया कि रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व है.**



इस पर्व को पूरे देश दुनिया में हरसोलशा मनाया जाता है इसी कड़ी में मैहर नगर पालिका परिषद में काम कर रहे थे हमारी बहनें जो दिन-रात सफाई सेवा कर में लगी रहती हैं उन्हें 25-25 सौ रुपए का उपहार स्वरूप 3 अगस्त को वितरण किया जाएगा देखा जाए तो इस बार रक्षाबंधन में बहनों की खुशहाली दोगुनी हो जाएगी पूरे प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लाडली बहन के तहत राशि तो वितरण की ही जाएगी साथ में मैहर विधायक का यह प्रयास काफी सराहनी है और सेवा कर में लगी बहनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मैहर विधायक हर्षोल्लाह के साथ मनाएंगे।

# विक्रम सिंह ने विधानसभा में उठाया नक्शा विहीन गांवों का मुद्दा

▶ सतना जिले में 214 गांव नक्शाविहीन, जल्द डिजिटाइज्ड होंगे नक्शे : राजस्व मंत्री

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 2 अगस्त, जिले में 214 राजस्व गांव नक्शा विहीन हैं।**



**इनमें से 126 गांवों के नक्शों के डिजिटाइज्ड कर भू-लेख पोर्टल पर अपलोड की कार्रवाई की जा रही है। शेष 118 गांवों के नक्शे नहीं है, इनमें 90 गांवों के नक्शे डिजिटाइज्ड कर लिए गए हैं, बाकी गांवों की ग्राउंड ट्रूथिंग की कार्रवाई की जा रही है।**

यह जानकारी राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने रामपुर बाघेलान के बीजेपी विधायक विक्रम सिंह विक्की के लिखित सवाल के जवाब में दी। दरअसल रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की ने विधानसभा में सवाल उठाते हुए पूछा था कि सतना जिले के किन- किन गांवों का नक्शा नहीं है। साथ ही किन-किन गांवों के नक्शे बनाए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है। इन गांवों के नक्शे कब तक तैयार हो जाएंगे। कृपया समय सीमा बताने की कृपा करें। विधायक ने राजस्व मंत्री से पूछा कि नक्शा विहीन गांवों में सीमांकन सहित राजस्व से जुड़े प्रकरणों को लेकर क्षेत्र के लोगों के सीमांकन और बंटवारे सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, इससे लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही परिवारों में विवाद जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। सदन में जवाब देते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जिले में नक्शा विहीन गांवों के डिजिटाइज नक्शे बनाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने कहा, समय सीमा बताना संभव नहीं है। इस पर विधायक विक्रम सिंह का समर्थन करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अध्यक्ष जी सतना का मैं प्रभारी मंत्री हूं, इसलिए विक्की भाई की समस्या से मैं अवगत हूं। मैं जल्दी से जल्दी इसको करवाने का प्रयास करूंगा।

**जिले के इन गांवों का नहीं है नक्शा-** सतना जिले के 214 गांव नक्शा विहीन रामपुर बाघेलान तहसील में चोरमारी, झंड, गौहारी, सोनौरा। कोटर तहसील में बिहरा, खोहर । बिरसिंहपुर तहसील में पडुहार, बरौ, मझगवां, हरदी, अकौना मजरा मेहुती, कुचमैला, कुवरी, नकेहली, सेमरहन कला, अगरा, गड़री, विहरिया, मझिगवां, पचौहा, ऐलिहाई एवं कोटर तहसील के बिहरा, खोहर, उजरौंधा, गुलवा, चोरबरी, झाली, दिदोध, रनेही, पैकोरा एवं करसरा। नागौद तहसील में आमा, कलावल जेरपाठा, खम्हरिया खुर्द, डुडहा, दुरेहा, दुर्गापुर, पांसी, बाबूपुर, मझियारी, मुगहर, राहुल, रुनेही, रौड, शिवराजपुर, सिंहपुर, सितपुरा, उमरहाई, महेंद्रपुर, मड़ई, लोहादर, चितौधा, तिघरा, द्वारी कला, रैकरी, सुजावल, गडरी, हिनौती, डुडवा, सेमरी खुर्द एवं बांधा उर्फ नवस्ता । उचेहरा तहसील में अकहा, करही कला, गुढ़ा, गुढ़वा, गढौत, जिगनहट, धनेह, पटिहट, पथरौंधा, पिथौरावाद, पोडी, बांधी मौहार, बिहटा, भटनवारा, भरहुत, मतरी पतौरा, महाराजपुर, लौहरौरा, श्यामनगर, सहिजना उबारी और सेमरी, कोल्हुआ, डड़िया, करीझिर, पतौड़ा, बधांव, रार, सोहरिहा एवं उचेहरा । मझगवां तहसील में तुर्रा, भरगवां, सेलौरा, तागी, शहपुरा, चकर, वरुवा सेदुरी, लेदरा, अठवरही, सेहा लक्ष्मणपुर, पटिहर, ललितपुर और पत्तलिया । रघुराजगर तहसील में भरजुनाखुर्द, रामपुर चौरासी, लालपुर, सोहावल, भटगवां, शिवपुरवा, कूची, लमतरा, सतधार, सरिसताल, रमना और कैमा कोठार शामिल हैं।

# एक घंटे में सरपंच-सचिव हजम कर गए 15 हजार के लड्डू




नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 2 अगस्त, मैहर जिले के अमरपाटन जनपद पंचायत अंतर्गत खरमसेड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की बैठक के बहाने भ्रष्टाचार का मीठा खेल खेला गया। महज एक घंटे की बैठक में वार्ड पंचों की खातिरदारी के नाम पर 15 किलो लड्डू डकार गये ।जिसका 14,850 रुपये का बिल पास कर दिया गया।**

ये लड्डू अमरपाटन के बीकानेर मिष्ठान भंडार से मंगवाए गए थे। हैरानी की बात यह है कि लड्डू की कीमत 500 रु प्रति किलोग्राम दर्शाया गया जबकि लड्डू बाजार में 150 रु किलो ग्राम मिल जाते हैं ।एक ही दिन में तीन अलग-अलग 5-5 हजार रुपये के धुंधले बिल लगाए गए, जिन्हें पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपलोड भी किया गया है। वार्ड पंचों का आरोप है कि यह सब जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत और संरक्षण में हो रहा है। जो लगा तार फर्जी बिल पास हो रहे हैं।

### एल .एन .टी के रवैये से किसान परेशान

**अमरपाटन।** पूरे देश में घर-घर स्वच्छ पेय जल पहुंचाने का सरकार की योजना है जिसके लिए एल .एन .टी को पाइप लाइन बिछाने व पानी की टंकी बनाने का ठेका है जो कि लगभग 5-6 वर्ष हो गए लेकिन अभी तक इनकी पाइप लाइन नहीं बिछ पाई। कहीं सड़क रास्ता खोद कर छोड़ दिया तो कहीं आधी अधूरी पाइप लाइन है गांवो में इन्होंने किसानों को और परेशान कर रखा है।गांव असरार के किसान इनके रवैये से काफी परेशान है किसानों ने बताया कि एल .एन .टी कंपनी के द्वारा हम लोगों के खेतों की तार पट्टिया उखाड़ कर फेक दिया गया साथ ही नाली उखाड़ कर महीनो से छोड़ दिया गया है जिसके चलते आवारा पशु हम लोगों की धान की खा धान की खड़ी फसल पूरी तरह बर्बाद कर दिए हैं।हम किसान इतनी महंगी मजदूरी देखकर धान की फसल का रोपा लगवाया था जो इनके अडियल रवैये के चलते फसल बर्बाद हो गई ठेकेदार से हम लोग कहते हैं आज-कल की बात कह के टाल देते हैं। वहीं बनाई गई नालियों रूपी गढ्डों में आये दिन मवेशी गिर कर घायल हो रहें हैं ।अब इस स्थिति में हम क्या करें यही रवैया रहा तो किसान आंदोलन वा अपने गांव में चक जाम करनें के लिये बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी एल .एन .टी की होगी।



# ग्राम पंचायत पवैया में भी बड़ी घटना का इंतजार

## सड़क न होने से आदिवासी बाहुल्य बस्ती के ग्रामीण परेशान

नवभारत न्यूज

**कोठी 2 अगस्त, ग्राम पंचायत पवैया में भी मुख्य सड़क मार्ग से आदिवासी बाहुल्य बस्ती लखना टोला तक पहुंच मार्ग न होने की वजह से यहां के रहवासी काफी परेशान एवं चिंतित है।**



कई लोगों ने बताया कि सड़क न होने से बरसात के मौसम में यह परेशानी 10 गुना और अधिक बढ़ जाती है यदि कोई व्यक्ति बीमार हो गया तो यहां तक वाहन भी नहीं पहुंच पाता और उसको अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी पड़ती है इसके लिए सभी संबंधित जिम्मेदारों को अवगत कराया गया है परंतु आज तक किसी ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया और अब ऐसा प्रतीत होता है कि जब कोई बड़ी घटना घट जाएगी उसके बाद ही जिम्मेदार अपनी नींद से जागेंगे, जबकि यहीं पर आंगनवाड़ी भवन ,पंचायत भवन, विद्यालय के साथ-साथ मुक्तिधाम भी है और 500 से अधिक वोटरों की बस्ती है वह भी पिछड़े एवं आदिवासी बाहुल्य वोटरों की फिर भी इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाए जाने के लिए किसी ने इस विषय पर काम नहीं किया ।

बताया गया कि प्रधानमंत्री सड़क सरकारी टोला से लखन टोला तक लगभग 300 मी की दूरी है और वहां पर सड़क नहीं है निजी भूमि से लोग निकलते हैं ठंड एवं गर्मी में तो किसी प्रकार काम चल जाता है परंतु बरसात में यह लोगों के जीवन में बहुत बड़ी मुसीबत बनी हुई है जिससे ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते में पैदल ही निकलने के लिए भी मजबूर हैं पंचायत के ही निवासी पप्पू सिंह ने बताया कि सरपंच ,जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ सभी बड़े जनप्रतिनिधियों से भी ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को अवगत कराया है परंतु सभी अभी हाल में हुई कोठी थाना अंतर्गत पुरवा उसरहाई गांव जैसी घटना के इंतजार में है।

# महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि और क्रांतिवीर तात्या टोपे विवि के मध्य हुआ एमओओ

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 2 अगस्त । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुक्रम में आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट और क्रांति वीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना, मध्य प्रदेश के मध्य अकादमिक एमओयू सम्पन्न हुआ। दोनों विश्वविद्यालय अब मिलकर शैक्षणिक, शोध एवं अकादमिक नवाचार में सहयोग करेंगे।**



रजत जयंती भवन स्थित कुलगुरु कार्यालय में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में दोनों विश्वविद्यालयो की ओर से सहमति में हस्ताक्षर उपरांत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और क्रान्तिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलगुरु प्रो किशन यादव ने एक दूसरे को अनुबंध का आधिकारिक अभिलेख सौंपा।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अकादमिक, रिसर्च और इनोवेटिव संस्थाओं से अनुबंध कर अकादमिक कोलैबोरेशन को बढ़ावा दे रहा है।

### दिव्यांग बच्चों को किया गया उपकरण वितरण

**रामनगर ।** मैहर जिले के जनपद शिक्षा केंद्र रामनगर में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण किया गया। पकरण वितरण जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी माकांत तिवारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चन्द्र प्रताप शुक्ल, बीएससी कबीन्द्रसिंह एवं अशोक कुमार पटेल, एल्मिको के सदस्य सर्व अमर बहादुर, कृष्णा मौर्य एवं सुश्री सोनाली सिंह, मोबाइल स्रोत सलाहकार राजभान पटेल एवं रामलाल पटेल, कार्यालय में पदस्थ लेखपाल सत्येंद्र साकेत, ऑपरेटर सुनील त्रिपाठी,कार्यालय सहायक राजेश पटेल कार्यक्रम में सहयोग देने वाले शिक्षक विद्या प्रकाश पटेल एवं बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया।



# मुकुन्दपुर में फल फूल रहा गांजा, शराब, कफ सिरप ,डीजल-पेट्रोल का कारोबार

▶ तस्करों से पुलिस कर्मियों की बढ़ रही दोस्ती ,तस्कर जमा रहे धौंस

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 2 अगस्त, जहां सम्भागीय पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव सिंह राजपूत के द्वारा अब पुलिस कर्मियों को तस्करों से दोस्ती पड़ सकती है भारी ऐसा कहा और आदेश किया जा रहा है वहीं मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर में क्षेत्र में उल्टा देखा और सुना जा रहा है ।**

गांजा,शराब, कफ सिरप, नशीली गोलियों और डीजल पेट्रोल का भारी भरकम भंडारण कर धड़ल्ले के खुलेआम बिक्री की जा रही है।और पुलिस मोहकमा देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं मुकुन्दपुर में मैंन चौराहा हनुमान मंदिर के ठीक सामने भारी भंडारण कर डीजल-पेट्रोल की बिक्री की जा रही है और ठीक इसके कुछ दूरी पर गांजा का कारोबार तेज गति के साथ खुलेआम बिक्री की जा रही है। और यही हाल समूचे मुकुन्दपुर में चल रहा है। मुकुन्दपुर में इसी तरह दसों जगह ऐसा ही चल रहा है ।और मजाल है कि इन तस्करों को कोई बोल दे सीधा पुलिस से मुकदमा लगवाने की बात की जा रही है ।बोला जाता है की मुझ तस्कर से पंगा लोगे तो जेल में सड़ जाओगे हम लोग महीना देते हैं ।तब यह कारोबार करते हैं ।तो ठीक रीवा सम्भागीय मुख्यालय के पुलिस महानिरीक्षक गौरव सिंह राजपूत के आदेश की बिपरीत मुकुन्दपुर क्षेत्र में चल रहा है।

# एक लड़की ने थामा गांव का हाथ जब ज्ञान, हरियाली और ममता एक साथ चले

▶ इच्छा शक्ति फाउंडेशन के जरिए एक गांव में गूंज रही है शिक्षा, सेवा और सशक्तिकरण की आवाज

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अगस्त, जहां आज के दौर मे युवा करियर और सोशल मीडियाकी दुनिया मे व्यस्त है, वही एक 26 वर्षीय युवती रेशू सिंह ने समाज सेवा को अपना जीवन बना लिया है बच्चों के लिए शिक्षा का मंदिर रेशु सिंह का मानना है कि शिक्षा हर बच्चे का हक है.चाहे वह किसी भी परिस्थिति में क्यों न हो।**

बिना किसी पक्की बिल्डिंग के मिट्टी पर चटाई बिछाकर, दीवार पर छोटा सा ब्लैकबोर्ड लगाकर चल रही ये कक्षा आज सैकड़ो मासूम चेहरो मे आशा की किरण बन चुकी है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को संस्कार अविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाई जाती है।

### महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का रास्ता



आत्मा रेशू सिंह सिर्फ बच्चों तक ही सीमित नहीं रही। उन्होंने गांव की 25+ महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हे स्वावलंबन और आत्म-सम्मान की राह दिखा रही हैं। अब ये महिलाएं खुद कमा रही हैं और दूसरो के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। इच्छाशक्ति फांउडेशन का मानना है . शिक्षा सिर्फ किताबों की बाते नहीं, जीवन को समझने की समझ है। यहां बच्चे एक्टिविटी आधारित शिक्षा के माध्यम से सीखते है, रेशू सिंह का मानना है कि बच्चों को सिर्फ बुद्धिमान नहीं, अच्छा इंसान बनाना ज्यादा जरूरी है। इसी सोच के साथ, वे हर शुक्रवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करती हैं, जिनमें बच्चों को धर्म की क्लासेस में संस्कृति ,भारतीय परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जो?ा जाता है। उनके द्वारा अब तक 200+ पौधे लगाए गए है और सैकड़ों गरीबों को नि- शुल्क भोजन भी वितरित किया है।

# कमलेश साहू विधानसभा प्रतिनिधि बने



**नागौद 2 अगस्त,** तहसील साहू समाज नागौद के अध्यक्ष कमलेश साहू को मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड का नागौद विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है । यह नियुक्त मध्य प्रदेश तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत कार्यरत तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू द्वारा की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष रवीकरण साहू ने कहा कि मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के कार्यों को विधानसभा स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने और समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विधानसभा प्रतिनिधिओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसी उद्देश्य से प्रदेश भर में प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जा रही है कमलेश साहू ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए अध्यक्ष श्री रवि करण साहू जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समाज हित में कार्य करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे .

# मझगवां महाविद्यालय के प्राचार्य हुए सेवानिवृत, सम्मानित कर दी भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 2 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय मझगवां में पदस्थ प्राचार्य डॉ. शिवानंद गौतम सेवानिवृत हो गए, इस अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने सम्मानित कर डॉ गौतम को विदाई दी इस मौके पर सभी की आंखें नम हो गई।**




31 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय मझगवां मे सम्माननीय प्राचार्य डॉ. शिवानंद गौतम का सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम महाविद्यालय परिवार की ओर से बड़े ही भव्य और शानदार तरीके से संपन्न किया गया। कार्यकम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे उनकी धर्मपत्नी पूनम गौतम, डॉ. नरेंद्र शर्मा एमडी मेडिसिन-हृदय बिशेषज्ञ एवं पूर्व हार्ड स्पेशलिस्ट शास. जिला चिकित्सालय सतना, शासकीय पी.जी. कॉलेज सतना के प्राध्यापक डॉ.राजेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. जे.पी. गुप्ता, डॉ. राजेश गर्ग, डॉ. आदित्य त्रिपाठी, डॉ एस.पी. सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्य शा. महा. विद्यालय अमरपाटन, उचेहरा कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुरागवर्धन पांडेय, मुख्य लेखापाल आर.पी. त्रिपाठी रहे, जिन्होंने प्राचार्य श्री गौतम का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं उनके सन्दर्भ मे अपने अपने विचारों के द्वारा उनकी विशेषताओं का वर्णन किया वहीं सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने की, जिन्होने डॉ. शिवानंद गौतम की विभिन्न उपलब्धियों, उनके समर्पण, सरल जीवन एवं उनके त्याग और सराहनीय कार्यों का विस्तार से वर्णन किया एवं उनके अच्छे सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की साथ ही अतिथि दीर्घा में कोठी कॉलेज के स्पोर्ट्स आफीसर डॉ. पंकज सिंह, डॉ. जीतेन्द्र पयासी, डॉ. सीतेश भारती आदि रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की ओर से हिंदी विभागाध्यक्ष शैल कुमारी ने अभिनन्दन पत्र का वाचन, प्रशासनिक अधिकारी-ग्रंथपाल अजीत कुमार ने प्राचार्य का पारिवारिक परिचय, उनका सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियों का वाचन किया साथ ही डॉ. निशा तिवारी, डॉ.राखी सिंह सोलंकी ने भी अपने सुंदर उद्बोधन एवं मधुर गीत के माध्यम से सर के उच्च आदर्श एवं उनके जीवन का विस्तृत परिचय दिया अंत में कॉलेज परिवार की ओर से एवं विभिन्न छात्र/छात्राओं के द्वारा प्राचार्य को भारतीय संस्कृति और परम्परा अनुसार सप्रेम सम्मान पूर्वक विभिन्न उपहार दिए। साथ ही अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. शिवेश प्रताप सिंह का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया।